राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

निगरानी सं. 50/13 जिला जोधपुर

उनवान 2054 टायर स्टोर, जोधपुर vs. सहा. वाणिज्यिक कर अधिकारी वृ. जोधपुर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23.1.14	**एकलपीठ** **श्री जे.आर.लोहिया, सदस्य** वकील प्रार्थी श्री वी.के.गर्ग एवं विभागीय प्रतिनिधि श्री जमील जई उपस्थित। रेस्टोरेशन प्रार्थना पर उभयपक्ष की बहस सुनी। श्री गर्ग ने निवेदन किया कि प्रार्थी अधिवक्ता के बाहर होने के कारण उनके जूनियर अधिवक्ता ने तारीख पेशी नोट करने में मानवीय भूल कर दी तथा दिनांक 29.10.2013 के स्थान पर 29.11.2013 नोट कर ली गई। जूनियर अधिवक्ता की भूल के कारण दिनांक 29.10.2013 को उपस्थित नहीं हो सके। इसके समर्थन में प्रार्थी वकील द्वारा शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। अतः मानवीय भूल एक स्वाभिवक कारण है और इसके समर्थन में शपथ पत्र भी दिया है इसे मध्यनजर रखते हुए रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है मूल निगरानी पुनः नम्बर पर ली जावें। पत्रावली दिनांक 15.04.2014 को एस.बी. के समक्ष पेश हो। आदेश सुनाया गया। (signature) 23/1/14 **सदस्य** **राजस्थान कर बोर्ड** **अजमेर**	